# कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा जनवरी २०२३ माह में किये गए महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय कार्य

I. **चयन और नियुक्तियों का सारांश**

i. माननीय प्रधान मंत्री ने 20 जनवरी, 2023 को देश भर में 45 स्थानों पर रोज़गार मेले की एक और श्रृंखला का शुभारंभ किया।

ii. माननीय प्रधान मंत्री ने "कर्मयोगी प्रारंभ मॉड्यूल" के 5 उपयोगकर्ताओं के साथ वर्चुअल रूप से बातचीत की, जिन्होंने प्रशिक्षण मॉड्यूल के संबंध में अपने अनुभव साझा किए। अब तक लाखों नव नियुक्त कर्मियों को विभिन्न मंत्रालयों/विभागों और अन्य सरकारी संगठनों में शामिल किया गया है।

iii. माननीय प्रधान मंत्री के अनुमोदन से केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के पद के लिए उपयुक्त उम्मीदवार के चयन की प्रक्रिया उक्त पद के लिए आवेदन आमंत्रित करके शुरू कर दी गई है। इस प्रयोजन के लिए दिनांक 21.01.2023 को विभिन्न समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया गया है तथा दिनांक 20.01.2023 को रिक्ति परिपत्र इस विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

iv. पीईएसबी, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने निदेशक के 01 (एक) पद के लिए विज्ञापन जारी किया। सीएमडी के पद के लिए 01 (एक) चयन बैठक और निदेशकों के पद के लिए 05 (पांच) चयन बैठकें आयोजित की गईं।

v. कर्मचारी चयन आयोग ने मल्टी टास्किंग (गैर-तकनीकी) स्टाफ और हवलदार (सीबीआईसी और सीबीएन) परीक्षा, 2022 के लिए आवेदन आमंत्रित करने का नोटिस जारी किया है। यह पहली परीक्षा है जो हिंदी और अंग्रेजी के अतिरिक्त 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित की जा रही है।

vi. इस माह के दौरान कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने निम्नलिखित परीक्षाएं आयोजित की हैं:

क. संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा 2021 के लिए कौशल परीक्षा।

ख. संयुक्त उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2021 के लिए कौशल परीक्षा।

ग. दिनांक 10.01.2023 से 13.02.2023 तक सीएपीएफ में सिपाही (जीडी) की कंप्यूटर आधारित परीक्षा और असम राइफल परीक्षा, 2022।

vii. इसके अतिरिक्त, एसएससी ने इस माह के दौरान निम्नलिखित परिणाम घोषित किए हैं:

क. चयन पद परीक्षा (चरण-VIII), 2020 के लिए अतिरिक्त परिणाम
ख. आशुलिपिक ग्रेड 'ग' एवं 'घ' परीक्षा 2022 की कंप्यूटर आधारित परीक्षा।
ग. कनिष्ठ अभियंता (सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और मात्रा सर्वेक्षण और संविदा) परीक्षा 2022 का पेपर-I.

II. **प्रशिक्षण और क्षमता विकास**

i. दिनांक 27.01.2023 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 16017/51/2020-आईगॉट के माध्यम से सिविल सेवा क्षमता विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम - मिशन कर्मयोगी के तहत संस्थागत ढांचे के हिस्से के रूप में एक "मंत्रिमण्डल सचिवालय समन्वय इकाई" स्थापित की गई है।

ii. सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंध संस्थान (आईएसटीएम) द्वारा जनवरी 2023 तक आई-गॉट कर्मयोगी मंच पर चौरासी (84) पाठ्यक्रम और कार्यक्रम विकसित और प्रकाशित किए गए हैं और इस माह के दौरान 73 पाठ्यक्रमों की समीक्षा और उनमें परिशोधन किया गया है।

iii. दिनांक 31.01.2023 तक की स्थिति के अनुसार, आईएसटीएम, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के 395 प्रतिभागियों के लिए सत्रह "प्रशासन में समग्र परिवर्तन के लिए दृष्टिकोण ज्ञान और कौशल का विकास" (दक्षता) कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

iv. आईएसटीएम ने 03.01.2023 को एएसओ-डीआर-2020 बैच के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया जिसमें 153 अधिकारी शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता माननीय राज्य मंत्री (कार्मिक) श्री जितेंद्र सिंह ने की। सचिव (डीओपीटी) विभाग, कर्मयोगी भारत और सीबीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का आई-गॉट प्लेटफॉर्म पर सीधा प्रसारण किया गया।

v. सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंध संस्थान (आईएसटीएम) ने 2023 के जनवरी माह के दौरान 15 संगठन विशिष्ट कार्यक्रम, 04 कैलेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 06 सीएसएस संवर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम, 05 सीएसएसएस संवर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम और 02 दक्षता कार्यक्रम आयोजित किए। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल 1010 उम्मीदवारों ने भाग लिया।

vi. मध्य कॅरिअर प्रशिक्षण कार्यक्रम आईएएस चरण- III 19.12.2022 से 13.01.2023 तक आयोजित किया गया है और कुल 177 प्रतिभागियों ने इस पाठ्यक्रम में भाग लिया।

vii. क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) ने निम्नलिखित कार्यकलापों का संचालन किया है:

क. सदस्य (एचआर), सीबीसी और सदस्य (प्रशासन), सीबीसी ने आई-गॉट प्लेटफॉर्म पर कर्मयोगी वार्ता की।
ख. सदस्य (एचआर), सीबीसी ने कॉमन मध्य-कॅरिअर प्रशिक्षण कार्यक्रम के 2000, 2001 और 2002 बैच के अधिकारियों के साथ ज्ञान साझा करने, समाधान खोजने और नेटवर्क निर्माण के लिए एक अभ्यास समुदाय (कप्युनिटी ऑफ प्रैक्टिस) के निर्माण के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए बैठक की।
ग. मुख्य सचिव की उपस्थिति में सीबीसी की टीम द्वारा समन्वय बनाने के लिए झारखंड राज्य का दौरा किया गया। इसके अलावा, सहयोग और ज्ञान साझा करने के लिए एटीआई - श्री कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (एसकेआईपीए) रांची का दौरा किया गया।
घ. मुख्य सचिव और उनके सचिवालय की उपस्थिति में समन्वय बनाने के लिए सीबीसी टीम का दौरा किया गया। यात्रा के दौरान, पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) के लिए क्षमता निर्माण योजनाओं की प्रक्रिया शुरू की गई और टीम ने मेघालय प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान (एमएटीआई) का भी दौरा किया।
ङ. 11 जनवरी, 2023 को भारत सरकार के पांच मंत्रालयों/विभागों में मानव संसाधन लेखापरीक्षा के निर्यामक (पायलट) का अभिविन्यास और उद्घाटन किया गया।
च. क्षमता विकास आयोग के सदस्य (मानव संसाधन), ने 75आरआर के (आईपीएस) अधिकारी प्रशिक्षुओं के साथ वार्ता की और पुलिस सेवा, नागरिकों और राष्ट्र के प्रति उनकी भूमिका पर उनके विचारों को समझा।
छ. सीबीसी, आईआईपीए और भारत डिज़ाइन लैब द्वारा "संपूर्ण दृश्य मॉडल" और "डिज़ाइन थिंकिंग" पर तीन कार्यशालाएँ आयोजित की गईं, जिन्हें ट्रांसफ़ॉर्मिंग रूरल इंडिया फ़ाउंडेशन ने हार्वर्ड डिज़ाइन लैब के साथ साझेदारी में विकसित किया। सचिवों, अपर सचिवों, संयुक्त सचिवों, निदेशकों, उप सचिवों और संयुक्त निदेशकों सहित कुल 110 अधिकारियों ने भाग लिया।
ज. 31 जनवरी 2023 को 11 संगठनों नामतः - ईवाई, केपीएमजी, डेलोइट, पीडब्ल्यूसी, एडीबी, सत्व, सीजीजी, एनआईएसजी, सीईजीआईएस, प्राइमस पार्टनर्स और ग्रांट थॉर्नटन के सलाहकारों के लिए वार्षिक क्षमता निर्माण योजना (एसीबीपी) के लिए विचार-मंथन और प्रगति समीक्षा कार्यशाला आयोजित की गई, । प्रत्येक कंसल्टेंसी ने अपनी प्रगति, अब तक की सीख, चुनौतियों और उन क्षेत्रों को प्रस्तुत किया, जहां आयोग की सहायता की आवश्यकता है।

viii. माह के दौरान मिशन कर्मयोगी के विभिन्न ट्रैकों के तहत हुई प्रगति इस प्रकार है:

क. सिविल सेवा क्षमता निर्माण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीसीएससीबी) - मिशन कर्मयोगी के लिए कैबिनेट द्वारा यथाअनुमोदित संस्थागत संरचना के हिस्से के रूप में, मिशन कर्मयोगी के लिए कैबिनेट सचिवालय समन्वय इकाई (सीएससीयू) का गठन दिनांक 27 जनवरी 2023 के आदेश द्वारा किया गया है ।

ख. जनवरी, 2023 तक 1532 मंत्रालयों/विभागों और उनके संगठनों द्वारा 341 पाठ्यक्रम प्रकाशित किए जा चुके हैं। आई-गॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर 5 मिलियन अधिगम (लर्निंग) मिनट के साथ 3,13,367 शिक्षार्थी शामिल हुए।

ग. सरकार, उद्योग और निजी संस्थाओं के प्रसिद्ध विशेषज्ञों/पेशेवरों के साथ जुड़ने और बातचीत करने के लिए एक मंच के रूप में आई-गॉट कर्मयोगी पर सभी सीखने वालों (लर्नर) के लिए कर्मयोगी भारत द्वारा 02.01.2023 को कर्मयोगी वार्ता श्रृंखलाएं लॉन्च की गई थीं। अब तक तीन सत्र आयोजित किए जा चुके हैं - श्रृंखला के पहले प्रख्यात वक्ता, सदस्य-एचआर, क्षमता विकास आयोग डॉ. आर बालासुब्रमण्यम, जिन्होंने आई-गॉट प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक सरकारी अधिकारी के 'कर्मचारी' से 'कर्मयोगी' बनने तक की परिवर्तन यात्रा पर भाषण दिया। दूसरे सत्र के वक्ता एमईआईटीवाई और टेलीकॉम ऑन न्यू एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज इन गवर्नेंस के पूर्व सचिव श्री आर चंद्रशेखर थे। कर्मयोगी वार्ता का तीसरा सत्र प्रसिद्ध नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर माइकल क्रेमर द्वारा 'भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे का लाभ उठाकर भारतीय कृषि और जल संसाधनों में नवाचार को प्रेरित करना' पर दिया गया था।

III. **कल्याण मामले**

क. विनय मार्ग स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 24 नवंबर 2022 से 18 जनवरी 2023 तक अंतर मंत्रालय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में विभिन्न मंत्रालयों की कुल 49 टीमों ने भाग लिया।

ख. एम्स जिमखाना क्लब, एम्स, नई दिल्ली में 26 दिसंबर 2022 से 6 जनवरी 2023 तक अंतर-मंत्रालय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया ।

ग. केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक और क्रीड़ा बोर्ड ने 11 जनवरी 2023 को विनय मार्ग खेल परिसर में द्वितीय महिला खेल समागम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 400 से अधिक महिला सरकारी कर्मचारियों ने भाग लिया। सचिव डीओपीटी ने इस अवसर पर उपस्थित थे।

IV. **साइबर सुरक्षा**

क. 04.01.2023 को साइबर जागरुकता दिवस मनाया गया और इस विभाग के कर्मचारियों के लिए डीओपीटी के एनआईसी प्रशिक्षण प्रभाग और एनआईसी मुख्यालय, नई दिल्ली के अनुप्रयोग सुरक्षा ऑडिट और मूल्यांकन प्रभाग द्वारा "विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों में सुरक्षित रूप से कार्य करना" विषय पर एक वेबिनार आयोजित किया गया था।